# बंपर खरीदी : मार्कफेड के एमडी ने कहा- हमारे पास 35 लाख मीट्रिक टन धान अधिक, खुले बाजार में करेंगे नीलाम

**रायपुर | आरएनएस**

छत्तीसगढ़ में इस समय सरकार के पास 35 लाख मीट्रिक टन धान जरूरत से अधिक मात्रा में है, यानी एक्सेस है। यह धान जल्द ही नीलामी के माध्यम से खुले बाजार में बेचने की तैयारी है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार धान को बाजार में बेचने के पहले उसकी मात्रा तय करने के संबंध में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में विचार किया जाएगा।

सरकार की अनुमति के मुताबिक धान बेचने के लिए निकाला जाएगा। हालांकि इससे पहले भारत सरकार से आग्रह किया गया है कि वह छत्तीसगढ़ से पूर्व घोषित मात्रा से अधिक चावल ले। अगर केंद्र से अनुमति मिल गई तो धान नीलामी की मात्रा कम हो सकती है।



छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने खरीफ सीजन 2024-25 में कुल मिलाकर 149 लाख 24 हजार, 709 मीट्रिक टन धान की खरीदी की है। इसमें से 26 लाख 20 हजार 476 मीट्रिक टन धानअभी भी खरीद केंद्रों में रखा है। हालांकि खरीदे गए धान की कस्टम मिलिंग के लिए तेजी से धान का परिवहन कर मिलरों को दिया जा रहा है। इसके साथ ही मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों में भी धान जमा किया जा रहा है। संग्रहण केंद्रों में अभी 32 लाख 42 हजार 898 मीट्रिक टन धान जमा हो चुका है। इस आधार पर माना जा रहा है कि राज्य में कस्टम मिलिंग के बाद करीब 35 लाख मीट्रिक टन धान एक्सेस होगा। यही अधिक धान नीलाम किया जाना है। मार्कफेड के एमडी रमेश शर्मा ने कहा है कि नीलामी के लिए टेंडर किया जाना है। इसके लिए प्लेटफार्म का चयन प्रक्रिया में है।

**नीलामी की प्रक्रिया शुरू**

मार्कफेड के एमडी रमेश शर्मा ने कहा है कि नीलामी के लिए टेंडर किया जाना है। इसके लिए प्लेटफार्म का चयन प्रक्रिया में है। फिलहाल 35 लाख मीटरिक टन धान को खुले बाजार में बेचने की प्रक्रिया चल रही है। उसके लिए प्लेटफार्म की तलाश जारी है। अगर केंद्र निर्धारित लिमिट से ज्यादा धान लेता है तो 35 लाख से कम भी किया जा सकता है।

धान की नालामी करने से पहले ही राज्य सरकार इस कोशिश में है कि केंद्र सरकार पूर्व से तय चावल का कोटा बढ़ाए। केंद्रीय पूल के लिए भारत सरकार ने पहले ही 70 लाख मीट्रिक टन चावल की मांग की है। इसके साथ ही राज्य पूल के लिए 14.30 लाख मीट्रिक टन चावल नागरिक आपूर्ति निगम में जाना है। राज्य सरकार ने केंद्र से आग्रह किया है कि सेंट्रल पूल के लिए लिए जाने वाले चावल का कोटा बढ़ाया जाए। ऐसा होने से एक्सेस धान की खपत हो जाएगी। सरकार को भी कम मात्रा में चावल नीलाम करना पड़ेगा, लेकिन अभी केंद्र सरकार से अनुमति नहीं मिली है।

**कैबिनेट में होगा फैसला कितना धान करना है नीलाम**

बताया गया है कि राज्य में एक्सेस मात्रा में मौजूद धान में से कितनी मात्रा में धान नीलामी के माध्यम से बेचा जाना है, इसका फैसला होगा। राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 22 फरवरी को है। यह संभावना है कि इसी बैठक में नीलामी किए जाने वाले धान की मात्रा को लेकर फैसला कर सकते है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**रायपुर (आरएनएस)।** शादी करने का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम उमरिया मंदिरहसौद निवासी 18 वर्षीय प्रार्थिया ने मंदिरहसौद थाना में शिकायत किया कि आरोपी राजेन्द्र निषाद ने प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। प्रार्थिया की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### रेलवे कर्मी की हत्या का आरोप, पत्नी और बेटे पर लगा फांसी लगाने का आरोप

**भिलाई (आरएनएस)।** पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के पदुम नगर में एक रेलवे कर्मी की लाश फंदे से लटकती मिली। मृतक की पहचान एन श्याम (56) के रूप में हुई है, जो रेलवे विभाग में कार्यरत था। गुरुवार की सुबह एन श्याम का शव उसके कमरे में फंदे से लटकता हुआ पाया गया, जिससे पूरे इलाके में हडक़ंप मच गया। पुलिस को सूचना देने के बाद, पुरानी भिलाई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस मामले में मृतक की बहन सलोनी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उनके भाई की हत्या की गई है और इसके लिए उसकी पत्नी और बेटे जिम्मेदार हैं। सलोनी के मुताबिक, उनके भाई के शरीर पर कई चोट के निशान थे, जिससे यह स्पष्ट है कि उसे बेरहमी से पीटा गया और हत्या के बाद शव को फांसी पर लटका दिया गया। सलोनी ने यह भी आरोप लगाया कि पुरानी भिलाई पुलिस उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम करवा लिया गया है और पीएम रिपोर्ट आने के बाद मामले की आगे की जांच की जाएगी।

### लापता महिला का जंगल में फांसी के फंदे पर लटका मिला शव

**बालोद (आरएनएस)।** 18 तारीख की सुबह घर से लापता महिला का शव जंगल में फांसी के फंदे पर लटका मिला है। मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाया है। डौंडी पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को शव सौंपकर मामले की जांच में जुटी है। महिला की लाश डौंडी थाना क्षेत्र के सुरडोंगर और खुर्सीटिकुर गांव के बीच जंगल में मिली है। सड़ी गली लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतिका 33 वर्षीया दुलेश्वरी साहू ग्राम सुरडोंगर की रहने वाली है। मृतिका के 2 बच्चे भी हैं। मृतिका के परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मायके नहीं जाने देने पर महिला घर से निकल गई थी। उसका शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। हर एंगल से जांच की जा रही है। पोस्मार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर स्पष्ट होगा कि महिला ने आत्महत्या की है या कुछ और मामला है।

### जान से मारने की धमकी देकर महिला से किया दुष्कर्म, जुर्म दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार कोटा निवासी 36 वर्षीय प्रार्थिया ने सरस्वती नगर थाना में शिकायत किया कि आरोपी मनीष गुरूदसानी प्रार्थिया के पूर्व से परिचित है। आरोपी जबरन प्रार्थिया के घर में प्रवेश कर जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। प्रार्थिया की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## मुख्यमंत्री साय ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुनकुरी में डायलिसिस सेंटर का किया शुभारंभ

**रायपुर | आरएनएस**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सीएम कैंप कार्यालय, बगिया में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कुनकुरी में चार बिस्तरों वाले डायलिसिस सेंटर का वर्चुअल शुभारंभ किया। यह डायलिसिस सेंटर जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे कुनकुरी और आसपास के मरीजों को अब इलाज के लिए अंबिकापुर या रांची जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।



स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में एक और महत्वपूर्ण कदम

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारा प्रयास है कि स्वास्थ्य सुविधाएं जन-जन तक आसानी से पहुंचे। कुनकुरी में डायलिसिस सेंटर के प्रारंभ होने से अब मरीजों को लंबी यात्रा नहीं करनी पड़ेगी और उन्हें घर के पास ही उत्तम उपचार मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जशपुर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। यह पहल जिले के नागरिकों को त्वरित, सुलभ और उन्नत चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और उन्नत बनाने के लिए कृतसंकल्पित है। जशपुर जिले के नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं देने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कुनकुरी में 220 बिस्तरों वाले आधुनिक अस्पताल की स्वीकृति भी दी जा चुकी है, जिससे जिले के नागरिकों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएँ मिल सकेंगी।

डायलिसिस सेवाएं अब और सुलभ

जशपुर जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत गरीब और जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क डायलिसिस सेवाएँ प्रदान करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में जिला चिकित्सालय जशपुर में 5 बिस्तरों वाली डायलिसिस यूनिट, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पत्थलगांव में 3 बिस्तरों वाली डायलिसिस यूनिट संचालित हैं। इसी कड़ी में अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कुनकुरी में 4 बिस्तरों वाली डायलिसिस यूनिट प्रारंभ की गई है। इससे जिले के 75 से अधिक किडनी रोगी लाभान्वित होंगे, जिन्हें अब लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। अब तक जिले में कुल 217 मरीजों को 18,171 डायलिसिस सेशन दिए जा चुके हैं।

उल्लखेनीय है कि इस अवसर पर रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, कृष्णा राय, सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक गोमती साय, नव-निर्वाचित दुलदुला बीडीसी शौर्य प्रताप सिंह जूदेव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

## पुरानी रंजिश के चलते भिलाई में तीन युवकों के बीच मारपीट, पुलिस ने की गिरफ्तारी

**भिलाई नगर | आरएनएस**

हाउसिंग बोर्ड कैलाश नगर में नालंदा स्कूल के समीप पुरानी रंजिश के कारण तीन युवकों के बीच जमकर मारपीट हुई। बघवा मंदिर भगवा चौक पर बीच सडक़ लाठी-डंडे चलते देख मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने के बाद जामुल पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों युवकों को गिरफ्तार कर थाना लाया। इस मामले में पुलिस ने काउंटर रिपोर्ट दर्ज की है। सुजीत शाह के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत तथा निलेश पटेल और संस्कार शुक्ला के खिलाफ 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है और मामले की विवेचना की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, शिवपुरी जामुल निवासी 24 वर्षीय निलेश पटेल ने पुलिस को बताया कि सुजीत शाह ने उसे फोन करके नालंदा स्कूल के पास मिलने बुलाया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान मारपीट के चलते निलेश के सोने की अंगूठी और घड़ी गिर गई और उसे चेहरे और पीठ में चोटें आईं। वहीं, सुजीत शाह ने भी अपनी शिकायत में कहा कि निलेश पटेल और संस्कार शुक्ला ने पुरानी रंजिश के कारण उसे भी मारा, जिससे उसकी आंख के नीचे और माथे में चोटें आईं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज किया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## छत्तीसगढ़ के एयरपोर्ट पर खुलेंगे बार, यात्रियों को 24 घंटे मिलेगी शराब

**रायपुर | आरएनएस**

छत्तीसगढ़ के रायपुर एयरपोर्ट से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। अब यात्रियों को एयरपोर्ट पर ऐसी सुविधाएं मिलने जा रही हैं, जिसके बारे में लोगों ने सोचा भी नहीं होगा।

दरअसल, रायपुर एयरपोर्ट पर एक बार खुलने वाला है। छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद यह पहली बार होगा।

नया लाइसेंस देने की प्रक्रिया शुरू

प्राप्त जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग ने एयरपोर्ट को नया लाइसेंस देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रायपुर छत्तीसगढ़ का पहला हवाई अड्डा होगा जहां लोगों को शराब पीने की अनुमति होगी। बताया जा रहा है कि यह बार पूरी रात यानी 24 घंटे खुला रहेगा। रायपुर एयरपोर्ट पर आखिरी उड़ान रात 10 बजे है। तब से हवाई अड्डा बंद है। लेकिन अब बार खुलने के बाद यात्रियों को यह सुविधा रातभर उपलब्ध रहेगी। यहां बार के साथ-साथ एक रेस्तरां भी होगा।

**जानें कितनी आयेगी लागत**

बता दें कि देश के कई एयरपोर्ट पर शराब बेची जाती है। इसके लिए उस राज्य का आबकारी विभाग लाइसेंस जारी करता है। छत्तीसगढ़ के आबकारी विभाग को आवश्यक जानकारी प्राप्त हो गई है। अब रायपुर एयरपोर्ट को लाइसेंस देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर एयरपोर्ट को एफएएल-3 लाइसेंस मिल सकता है।

## प्रेमिका को पाने सनकी प्रेमी पहुंचा थाने

**कोरबा | आरएनएस**

जिले के सिविल लाईन थाने में एक सनकी प्रेमी ने अपनी प्रेमिका को पाने के लिए डेरा डाल दिया। युवक थाने मे बैठकर पुलिस वालों से जिद करने लगा कि उसे उसकी प्रेमिका चाहिए। युवक पुलिस थाने में ही आत्महत्या की भी धमकी देता रहा। पुलिस युवक को समझाती रही, लेकिन वह अपनी बात पर अड़ा हुआ था। पुलिस युवक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर रही है।




मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाईन थाने मे उस वक्त अजीब माहौल बन गया जब एक युवक थाने में आकर अपनी प्रेमिका से मिलाने की जिद करने लगा। दरअसल में रिसदी झगराह में किराये के मकान में रहने वाला 24 वर्षीय आशुतोष वर्मा की दोस्ती एक युवती से इंस्टाग्राम में हुई थी। दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। इसकी जानकारी घर वालों को होने पर युवती के परिजनों ने आपत्ति जताई और युवती से मिलने-जुलने और बात करने से युवक को मना कर दिया। बस फिर क्या आशुतोष पहुंच गया सीधे सिविल लाईन थाने आर टीआई के सामने ही आशुतोष लडक़ी को दिलाने जिद करता रहा और बार-बार खुदकुशी करने की धमकी देता रहा। पुलिस युवक को समझाती रही, लेकिन वह अपनी बात पर अड़ा रहा। पुलिस द्वारा आशुतोष को समझाया गया, लेकिन थाने में ही बार-बार सुसाइड करने की धमकी दे रहा था। जिसके बाद पुलिस ने उसके परिजनों को भी सूचना दी और उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है। बताया जाता है कि युवक मूलत: रीवा का रहने वाला है।

## संदीप प्रजापति हत्या मामलें में छत्तीसगढ़ का सीरियल किलर गिरफ्तार

**रायपुर | आरएनएस**

राजधानी भोपाल के संदीप प्रजापति हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। ढाई महीने बाद आरोपी अवकेश को पुलिस ने हैदराबाद से गिरफ्तार कर लिया है। वह नाम और हुलिया बदलकर ठिकाना बदल रहा था।




बता दें कि आरोपी ने पिछले साल दिसंबर में संदीप प्रजापति का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी थी और लाश को रातापानी टाइगर रिजर्व के सलकनपुर जंगल में छोडक़र फरार हो गया था। पुलिस की जांच में मालूम चला है कि आरोपी सीरियल क्रिमिनल टाइप का है। उसका असली नाम विकास जायसवाल है। वह छत्तीसगढ़ के पेंड्रा जिले के कटघोरा गांव का रहने वाला है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके कई महिलाओं से अवैध संबंध थे। उसने अब एक 5 शादियां की थी और कई महिलाएं से उसके अवैध संबंध भी थे। आरोपी जहां रहता था, वहां पैसा दिखाकर उन्हें अपने जाल में फंसा लेता था। आरोपी हर जगह फर्जी आईडी के जरिए रहता था।

आरोपी के खिलाफ कई जिलों और प्रदेशों में अपराध दर्ज है। उसके अन्य साथियों उत्कर्ष और आदर्श ट्रक लाइन में काम करने से संबंध में आए थे।अपराध छुपाने के लिए महिलाओं का सहारा लेता था। आरोपी की तलाश में पुलिस ने कई राज्य में छापेमारी की थी। 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। साथ ही कमिश्नरेट से 30 हजार का इनाम घोषित था। यह है पूरा मामला मृतक संदीप प्रजापति बीते 2 दिसंबर को छोला थाना क्षेत्र से गायब हुआ था। आरोपी अवकेश ने अपहरण वाले दिन ही उसकी हत्या कर दी थी। इसके बाद पुलिस को गुमराह करने के लिए संदीप के फोन से ही उसके परिजनों को फोन किया और कहा कि युवक उसके कब्जे में है। जिससे लगे कि युवक जिंदा है और पुलिस उसकी तलाश करती रहे और वह तब तक बिहार फरार हो जाए। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर 3 दिन तक रातापानी टाइगर रिजर्व में सर्चिंग की। जिसके बाद शुक्रवार शाम करीब 8 बजे संदीप प्रजापति का शव रातापानी टाइगर रिजर्व के देलावाड़ी रेंज में बरामद हुआ।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने मतदान की सुव्यवस्था हेतु ली बैठक

**एजेंट द्वारा फर्जी मतदाता की पहचान मतदान केंद्र में घुसते ही किया जाना चाहिए**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

सारंगढ़ ब्लॉक में पंचायत के तृतीय चरण चुनाव के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने सारंगढ़ ब्लॉक के निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि किसी भी मतदान केंद्र में भीड़ को निर्धारित सीमा के बाहर रखा जाना चाहिए। मतदान कार्य को समय अनुरूप करते जाना चाहिए। 3 बजे परिसर में मौजूद मतदाताओं को पर्ची वितरण करना चाहिए। पिछले दिनों बरमकेला और बिलाईगढ़ ब्लॉक में प्रथम और द्वितीय चरण चुनाव में पुलिस के अच्छी व्यवस्था थी।इसी प्रकार मतदान केंद्र में आपत्ति करने लायक कोई कार्य मतदान कर्मियों को नहीं करना चाहिए। अभ्यर्थी की बैठक व्यवस्था को सुनिश्चित करना चाहिए। मतदान दल के साथ अभ्यर्थी के एजेंट को शामिल नहीं करना चाहिए। अभ्यर्थी या एजेंट को चाहिए कि जब कोई मतदाता मतदान करने के लिए मतदान केंद्र में प्रवेश करता है,तब वह व्यक्ति फर्जी है या सही है उसका आकलन करें। एजेंट को चाहिए कि यदि कोई मतदाता फर्जी मतदाता है तो उसी समय मतदान करने के पूर्व आपत्ति करनी चाहिए और ऐसे मतदाता को रोकथाम करना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि मतदान दल को कम से कम लोगों को अंदर जाने देना चाहिए ताकि मतदाता के नाम मिलान, उंगली में स्याही लगाने की प्रक्रिया में सभी प्रक्रिया पूरी हो। कुछ छूट न जाए, किसी प्रकार की आपत्ति ना आए। नाम ढूंढने का काम निर्धारित सीमा से बाहर बूथ लेवल अधिकारी, मितानिन और आंगनवाड़ी सहायिका, कार्यकर्ता के द्वारा किया जाना चाहिए। कलेक्टर ने सारंगढ़ ब्लॉक के अति संवेदनशील मतदान केंद्र सिंघनपुर, भद्रा, उलखर, खुडुभाठा, बरतुंगा, हिर्री, कौवाताल और बरभाठा अ में सावधानीपूर्वक सतर्क होकर मतदान कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर कलेक्टर एस के टंडन, अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे, एसडीएम प्रखर चंद्राकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

